<u>नीचे लिखे वाक्यों में जातिवाचक और व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द अलग कीजिए</u> –

वाक्य	जातिवाचक	व्यक्तिवाचक
१. स्मिति पुस्तक पढ़ रही है।	---------	---------
२. आकाश में पक्षी उड़ते हैं।	---------	----------
३. यह मेरी साइकिल है।	---------	----------
४. अध्यापक कुर्सी पर बैठे हैं।	---------	-----------
५. गाँधी जी को राष्ट्र–पिता कहा जाता है।	---------	-----------
६. दिल्ली भारत की राजधानी है।	---------	-----------
७. मनु नन्हा बालक है।	---------	---------
८. मेरे देश का नाम भारत है।	---------	-----------
९. राम दशरथ के बड़े बेटे थे।	---------	-----------
१०. सुभाष रेडियो सुन रहा है।	---------	-----------

इस प्रकार ***"अंगूर" एक फल का नाम*** है। "***कुत्ता" एक प्राणी का नाम*** है। ***"औरत" भी एक प्राणी का नाम*** है। "***चकली" एक खिलौने का नाम*** है। अतः ***<u>अंगूर, कुत्ता, औरत, चकली ये सभी नाम</u>*** हैं। <u>संसार में प्रत्येक वस्तु का नाम</u> होता है जैसे – ***हाथी, गाय, घोड़ा, ऊँट ये पशुओं के नाम*** हैं। <u>स्कूल, विद्यालय, घर, मंदिर – ये स्थानों के नाम</u> हैं। ***विमला, कमला, अनु, रमा– ये लड़कियों के नाम*** हैं। इन सभी नामों को संज्ञा कहते हैं।
अब आप लिखिए–

१. तीन लड़कियों के नाम ------------ ------------ ----------
२. तीन लड़कों के नाम ------------ ------------ ------------
३. तीन फलों के नाम ------------ ------------ ------------